रजिस्ट्री सं० डी. (डी. एन.)-72

REGISTERED No. D. (D.N.) 72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 44] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, फरवरी 21, 1985/फाल्गुन 2, 1906
No. 44] NEW DELHI, THURSDAY, FEBRUARY 21, 1985/PHALGUNA 2, 1906

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वाणिज्य एवं आपूर्ति मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

आयात व्यापार नियंत्रण

सार्वजनिक सूचना सं० 85-आईटीसी (पीएन)/84-85

नई दिल्ली, 21 फरवरी, 1985

विषय :—त्रावणकोर उर्वरक व रासायनिक लि० (एफएसीटी) की अमोनिया सल्फेट और कैप्रोलेक्टम संयंत्र परियोजना के क्रियान्वयन के लिए जापान की विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओईसीएफ) द्वारा विस्तारित 10.2 बिलियन येन के येन क्रेडिट के अधीन माल और सेवाओं के आयात के सम्बन्ध में लाइसेंसिंग शर्तें ।

मिसिल सं० आईपीसी 23(7)/84-85:—त्रावणकोर उर्वरक और रासायनिक लि० (एफएसीटी) की अमोनिया सल्फेट और कैप्रोलेक्टम संयंत्र परियोजना की आयात आवश्यकताओं के वित्तपोषण के लिए जापान की विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओईसीएफ) द्वारा विस्तारित 10.2 बिलियन येन क्रेडिट के अधीन आयात लाइसेंसों के निर्गमन पर नियंत्रण रखने वाली शर्तें जो प्रस्तुत सार्वजनिक सूचना के परिशिष्ट में दी गई हैं, जानकारी के लिए अधिसूचित की जाती हैं।

प्रकाश चन्द जैन, मुख्य नियंत्रक, आयात एवं निर्यात

वाणिज्य एवं आपूर्ति मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना सं० 85-आईटीसी (पी एन)/84-85, दिनांक 21 फरवरी, 1985 का परिशिष्ट

त्रावणकोर उर्वरक व रासायनिक लि० (एफएसीटी) की अमोनिया सल्फेट और कैप्रोलेक्टम संयंत्र परियोजना के क्रियान्वयन के लिए जापान की विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओईसीएफ) द्वारा विस्तारित 10.2 बिलियन येन के येन क्रेडिट के अधीन माल के आयात और सेवाओं के सम्बन्ध में लाइसेंस शर्तें ।

खण्ड 1—सामान्य शर्तें :

1. (1) एफएसीटी की अमोनिया सल्फेट और कैप्रोलैक्टम सयंत्र परियोजना की आयात आवश्यकताओं के वित्तपोषण के लिए जापान की विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओईसीएफ) द्वारा विस्तारित 10.2 बिलियन येन का येन क्रेडिट भारत और जापान सहित विकासशील देशों के लिए खुला है। तदनुसार इस क्रेडिट के अधीन प्राप्त किया जाने वाला माल और सेवाएं जापान से और अनुबन्ध 1 की सूची में निर्दिष्ट सभी देशो (भारत सहित) से अधिप्राप्त की जा सकती है जो कि इस क्रेडिट के अन्तर्गत पात्र स्रोत देश होंगे।

1 (2) क्रेडिट के अधीन केवल उन्ही मदों और उसी मूल्य के लिए लाइसेंस जारी किए जा सकते है जिनके लिए महानिदेशालय, तकनीकी विकास पूंजीगत माल समिति द्वारा विशेष रूप से निकासी कर दी गई हो। इस क्रेडिट के अधीन जारी किए गए आयात लाइसेंस(सो) का मूल्य 10.2 बिलियन (लागत बीमा भाड़ा) येन से अधिक नही होना चाहिए।

आयात लाइसेंस का रुपये में मूल्य, राजस्व विभाग (सीमा शुल्क) द्वारा अधिसूचित विनिमय दर और आयात लाइसेंस जारी करने की तिथि को प्रचलित दर और मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूचना सं० 78—आईटीसी (पीएन)/74, दिनांक 6 जून, 74 के पैरा 2 के अनुसार आयात लाइसेंस में सकेतित दर पर निर्धारित किया जाएगा, जिसमें यह उल्लेख है कि सीमा शुल्क प्राधिकारी और विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारी आयात लाइसेंस(सो) मे विनिर्दिष्ट मुद्रा विनिमय दर पर लाइसेंस मूल्य के नामे डालेंगे। लाइसेंस पर एक शीर्षक "जापानी येन ऋण स० आईडीपी—25" होगा। प्रथम और द्वितीय प्रत्यय के लिए लाइसेंस मे "एस/जेसी" कोड होगा। एफएसीटी को आयात लाइसेंस भेजते समय मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के पत्र में भी इसे दुहराया जाएगा, जिसकी एक प्रति वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) को पृष्ठांकित की जानी चाहिए।

1. (3) लागत बीमा भाड़ा के आधार पर केवल एफएसीटी के नाम में लाइसेंस जारी किया जा सकता है।

1. (4) एफएसीटी की सुविधा पर निर्भर करते हुए एक से अधिक आयात लाइसेंस इस क्रेडिट के अधीन जारी किए जा सकते है। लेकिन, कुल मूल्य 10.2 बिलियन (लागत बीमा भाड़ा) येन से अधिक नही होना चाहिए जैसा कि ऊपर पैरा (1) में कहा गया है।

1. (5) आयात लाइसेंस 24 महीनों की आरम्भिक वैधता अवधि के साथ जारी किए जाएंगे। आयात लाइसेंस की वैधता मे एफएसीटी द्वारा आवेदन करने पर आगे 12 महीने की वृद्धि की जा सकती है। इससे आगे वृद्धि के लिए नया आयात लाइसेंस जारी करने के लिए यदि कोई आवेदन होंगे तो वे आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) को भेजने चाहिए।

1. (6) क्रेडिट के अधीन वित्त दान किए जाने वाले आयात, लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा विधिवत् सत्यापित सलग्न माल और सेवाओ की सूची तक प्रतिबन्धित है।

1 (7) विदेशी मुद्रा के किसी भी परेषण की अनुमति आयात लाइसेंस के प्रति नही दी जाएगी। भारतीय अभिकर्ता के कमीशन के प्रति कोई भी भुगतान भारतीय अभिकर्ता को भारतीय रुपए मे किया जाना चाहिए। लेकिन, ऐसे भुगतान लाइसेंस मूल्य के ही भाग होगे और इसलिए लाइसेंस पर ही प्रभारित किए जाएगे।

1 (8) पक्के आदेश अनुबन्ध 1 मे उल्लिखित देशो में स्थित विदेशी सम्भरको को लागत बीमा भाड़ा आधार पर दिए जाने चाहिए और वे आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि से 4 महीनो की अवधि के भीतर आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) को भेज दिए जाने चाहिएं। बीमे के खर्चे का भुगतान भारतीय रुपए मे भारत में देय होगा। "पक्के आदेशों" का अर्थ विदेशी सम्भरकों को भारतीय लाइसेंसधारी द्वारा किए गए उन क्रय आदेशों से है जो विदेशी सम्भरक द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित हो या भारतीय आयातक और विदेशी सम्भरक दोनो द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित क्रय सविदा हो। विदेशी सम्भरको के भारतीय अभिकर्ताओं के आदेश का ऐसे भारतीय अभिकर्ताओ द्वारा पुष्टिकरण आदेश स्वीकार्य नहीं है।

1. (9) चार महीनों की अवधि के भीतर ठेकों की इस शर्त का तब तक अनुपालन किया गया नही समझा जाएगा जब तक कि ठेके के पूर्ण दस्तावेज आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि से चार महीनो के भीतर वित्त मत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, डब्ल्यू ई–I अनुभाग को नहीं पहुंच जाते है। यदि उपर्युक्त पैरा 1(8) मे यथा उल्लिखित पक्के आदेश चार महीनों के भीतर वैध कारणो से नहीं दिए जा सकते है तो चार महीनो के भीतर आदेश क्यों नही दिए जा सकते इन कारणों का उल्लेख करते हुए लाइसेंसधारी को आयात लाइसेंस को सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को प्रस्तुत कर देना चाहिए। आदेश देने की अवधि में वृद्धि के लिए ऐसे आवेदनों पर लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा गुणागुण के आधार पर विचार किया जाएगा। वे अधिक से अधिक चार महीनो की और अवधि के लिए वृद्धि प्रदान कर सकते है। लेकिन यदि वृद्धि इस लाइसेंस के जारी होने की तिथि से 8 महीनों से अधिक के लिए मांगी जाती है तो ऐसे प्रस्ताव निरवाद रूप मे लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग), नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजे जाएंगे जो कि ऐसी वृद्धि के लिए प्रत्येक मामले की पात्रता के आधार पर विचार करेंगे और अपना निर्णय लाइसेंस प्राधिकारियों को भेजेंगे जिसको वे लाइसेंसधारी को प्रेषित करेंगे। लाइसेंसधारी द्वारा लाइसेंस प्राधिकारियो से केवल ऐसी वृद्धि प्रदान

करने वाला एक पत्र प्रस्तुत करने पर ही प्राधिकृत व्यापारी और विभागीय पदाधिकारी, आयात लाइसेंस के अधीन किए गए सम्भरण ठेकों में साखपत्र स्थापित करने के लिए प्राधिकार पत्र, तुल्य रुपया जमा कराने आदि की अनुमति देंगे।

1. (10) आयात लाइसेंस की समाप्ति से चार महीने के भीतर सभी भुगतान अवश्य पूर्ण कर देने चाहिएं। माल के पोतलदान पर अलग-अलग भुगतानों की व्यवस्था होनी चाहिए। ठेके में नकद आधार पर अर्थात् पोतलदान दस्तावेजों के प्रस्तुत करने पर भुगतान की व्यवस्था होनी चाहिए। विदेशी सम्भरक से भारतीय आयातक को किसी भी किस्म की ऋण सुविधा उपलब्ध करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। माल के वितरण की अवधि के लिए ठेके में निम्नलिखित अनुसार व्यवस्था होनी चाहिए :—

"साख-पत्र की प्राप्ति के बाद .... महीने परन्तु अधिक से अधिक .... के अन्त तक पूर्ण किया जाना है।

पोतलदान के लिए आखिरी तिथि निश्चित करने में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि यह तिथि 31-12-88 के बाद की न हो।

खण्ड 2—सम्भरण ठेके का समझौता करते समय ध्यान में रखी जाने वाली विशेष बातें

2. (1) ठेके का लागत बीमा भाड़ा मूल्य येन में (येन की भिन्न के बिना) अभिव्यक्त होना चाहिए और इसमें भारतीय अभिकर्ता का कमीशन, यदि कोई हो तो वह शामिल नहीं होना चाहिए जो कि भारतीय रुपए में चुकाना चाहिए।

भारतीय रुपए या किसी अन्य मुद्रा में ठेके का मूल्य किसी भी परिस्थिति में अभिव्यक्त नहीं होना चाहिए। क्रय आदेश और सम्भरक द्वारा पुष्टिकरण आदेश केवल अंग्रेजी में होना चाहिए।

2. (2) अमोनिया सल्फेट और केप्रोलेक्टम संयंत्र परियोजना के लिए ओईसीएफ येन क्रेडिट के अन्तर्गत वित्त पोषित किए जाने वाले सभी माल और सलाहकार सेवाओं के अतिरिक्त सभी सेवाओं की अधिप्राप्ति निम्नलिखित अनुपूरक शर्तों के साथ अनुबन्ध 2 के रूप में संलग्न मार्ग-दर्शन के अनुसार की जाएगी :—

(क) आयातक ऋण की रकम से भिन्न रूप से वित्त-पोषित किए जाने वाले माल और सेवाओं की अधिप्राप्ति पूर्व अर्हता के साथ औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा के माध्यम से करेगा।

(ख) यदि आयातक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा से भिन्न अधिप्राप्ति की क्रियाविधियां अपनाना चाहता है तो वह विधिवत् प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित अधिप्राप्ति की पद्धति के अनुमोदन के लिए निधियों को आवेदन-पत्र प्रस्तुत करके उससे पूर्व अनुमोदन प्राप्त करेगा।

(ग) विज्ञापन और/या पूर्व अर्हता की अधिसूचना से पहले आयातक निधि को पूर्व अर्हता के दस्तावेज उसके अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करेगा। पूर्व अर्हता प्राप्त व्यापार संस्थाओं का चुनाव कर लेने के बाद आयातक निधियों/उन व्यापार संस्थाओं की सूची अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करेगा और किए गए चुनाव के लिए कारण देते हुए सभी सम्बन्धित दस्तावेजों के साथ चुनाव प्रक्रिया की रिपोर्ट भेजेगा।

(घ) (1) एक सौ मिलियन येन (येन 100,000,000) या इससे अधिक मूल्य के माल और सेवाओं की अधिप्राप्ति के मामले में आयातक बोलियां आमंत्रित करने से पहले निधि को उसके अनुमोदन के लिए बोलीकारों को दिए गए सभी नोटिस और अनुदेश, बोली के प्रपत्र, प्रस्तावित ठेके, विशिष्टिकरण और ड्राइंग और बोली से सम्बन्धित अन्य सभी दस्तावेज प्रस्तुत करेगा। इस मामले में आयातक सफल बोलीकारों को निर्णय का नोटिस जारी करने से पहले निधि को उसके अनुमोदन के लिए बोलियों के विश्लेषण और निर्णय के लिए प्रस्ताव को प्रस्तुत करेगा।

(2) बीस मिलियन येन (येन 20,000,000) से अधिक परन्तु एक सौ मिलियन येन (येन 100,000,000) से कम मूल्य के माल और सेवाओं की अधिप्राप्ति के मामले में आयातक को सम्बन्धित बोलियों के लिए निधि से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता नही होगी परन्तु आदेश देने के बाद बोली से सम्बन्धित सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

(3) बीस मिलियन येन (येन 20,000,000) से कम मूल्य के माल और सेवाओं की अधिप्राप्ति का मामला आयातक के निर्णय विवेक पर छोड़ दिया जाएगा, लेकिन शर्त यह होगी कि उसकी अधिप्राप्ति कुल मिलाकर चार सौ मिलियन येन (येन 400,000,000) से अधिक नहीं होगी।

(4) अधिप्राप्ति मार्ग-दर्शन के खण्ड 4.09 की अन्तिम तीन पंक्तियां उपर्युक्त (2) और (3) के मामलों में नहीं मानी जाएंगी।

(5) आयातक (एफएमटी) ऊपर लिखित दस्तावेज ओईसीएफ का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए आर्थिक कार्य विभाग को दो प्रतियों में प्रस्तुत करेगा।

(6) अधिप्राप्ति मार्गदर्शन के अनुच्छेद 5 का पूर्ण पैरा मान्य नहीं होगा।

(ङ) बोली के दस्तावेजों में उन देशों का उल्लेख होगा जो पात्र संसाधन देश हैं।

(च) बोलियों के मूल्याकन में किसी भी बोलीकार को अधिमानता की गुंजाइश नहीं दी जाएगी ।

(छ) यह बात नोट कर लेनी चाहिए कि वित्त मंत्रालय. आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) द्वारा क्रय ठेको की ओ ई सी एफ को सूचना केवल ऊपर उल्लिखित दस्तावेजों पर ओ ई सी एफ का अनुमोदन प्राप्त कर लेने के बाद दी जाएगी ।

2. (3) विदेशी सम्भरक का भुगतान, उनके नाम में भारतीय बैंक, टोकियो द्वारा 1983-84 के लिए ओ ई सी एफ येन क्रेडिट (परियोजना सहायता) सं० आईडीपी—25 के अधीन खोले गए अपरिवर्तनीय साख-पत्र के माध्यम से किया जाना चाहिए जिसका ब्यौरा नीचे खण्ड 7 में दिया गया है ।

2. (4) आयात लाइसेंस के प्रति केवल एक ही ठेका किया जाना चाहिए । लेकिन, कुछ विशेष मामलों में, एक से अधिक करने की अनुमति भी दी जा सकती है जिसके लिए आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि के तुरन्त बाद वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) से अनुमोदन प्राप्त कर लेना चाहिए ।

2. (5) सम्भरक की पात्रता :

सम्भरक पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिक होंगे या पात्र स्रोत देशों में शामिल किए गए तथा पंजीकृत किए गए पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिकों द्वारा शासित वैध व्यक्ति होगा ।

2. (6) अपात्र स्रोत देशों से अनुमेय आयात :

जिस माल में अपात्र स्रोत देशों में बनी हुई सामग्री निहित है उसका वित्त-दान किया जा सकता है बशर्ते कि निम्नलिखित सूत्र के अनुसार ऐसे उत्पादों में उनकी प्रति यूनिट कीमत के 30% से कम आयातित अंश हो :—

$$\frac{\text{आयातित लागत बीमा भाड़ा मूल्य} + \text{आयातक शुल्क}}{\text{सम्भरक का जहाज पर निःशुल्क मूल्य}} \times 100$$

(भारतीय सम्भरक के मामले में माल की कारखाने पर कीमत अपनाई जाएगी) ।

2. (7) संविदा में घोषणा :

प्रत्येक संविदा में सम्भरकों द्वारा माल या अपनी पात्रता की निम्नलिखित घोषणा जोड़ी जाएगी :—

"मैं, अधोहस्ताक्षरी एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि सम्भारित किया जाने वाला माल ....में (पात्र स्रोत देश का नाम) उत्पादित हैं ।

मैं, अधोहस्ताक्षरी आगे यह प्रमाणित करता हूं कि मेरी पूरी जानकारी और विश्वास के अनुसार अपात्र स्रोत देशों से आयातित भाग निम्नलिखित सूत्र के अनुसार 30% से कम है :—

$$\frac{\text{आयातित लागत बीमा भाड़ा मूल्य} + \text{आयात शुल्क}}{\text{सम्भरण का जहाज पर निःशुल्क मूल्य}} \times 100\text{''}.$$

और

(जहां लागू हो वहां कारखाने पर कीमत)

मैं, अधोहस्ताक्षरी, एतद्द्वारा सत्यापित करता हूं कि ....(पात्र स्रोत देश का नाम) में ....(कम्पनी का नाम) ....(पात्र स्रोत देश का नाम) में समाविष्ट और पंजीकृत हो चुकी है और...... ....(सम्बद्ध पात्र स्रोत देशों का नाम) के राष्ट्रिकों द्वारा नियंत्रित है ।

खण्ड 3—संम्भरण ठेको में समाविष्ट की जाने वाली शर्तें :

3. (1) सम्भरण ठेकों में निम्नलिखित प्रावधान विशेष रूप से समाविष्ट होने चाहिए :—

(क) ठेके की व्यवस्था भारत सरकार और जापान की विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओईसीएफ) के बीच एफएसीटी की अमोनिया सल्फेट और केप्रोलेक्टम संयंत्र परियोजना के लिए येन क्रेडिट आईडीपी—25 (परियोजना सहायता) से सम्बन्धित 11 सितम्बर, 1984 को हुए ऋण समझौते के अनुसार होनी चाहिए और यह भारत सरकार और विदेशी आर्थिक सहयोग निधि के अनुमोदन के अधीन होगी ।

(ख) सम्भरकों को भुगतान, भारत सरकार और जापानी विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) के बीच येन क्रेडिट सं० आई डी पी—25 सम्बन्धित 11 सितम्बर 1984 को हुए ऋण समझौते के अन्तर्गत बैंक आफ इण्डिया टोकियो द्वारा जारी किए जाने वाले अपरिवर्तनीय साख-पत्र के माध्यम से किए जाएंगे ।

(ग) विदेशी सम्भरक ऐसी सूचना और दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए सहमत होगा जो एक ओर भारत सरकार द्वारा और दूसरी ओर ओ ई सी एफ द्वारा येन ऋण के अधीन अपेक्षित हों ।

(घ) 2(7) में उल्लिखित प्रपत्र में प्रमाण-पत्र (तीन प्रतियों में) ।

खण्ड 4—विदेशी आर्थिक सहकारिता निधि (ओ ई सी एफ)

4. (1) लाइसेंसधारी को पक्के आदेश देने के लिए निर्धारित अवधि के भीतर एफएसीटी और विदेशी सम्भरकों दोनों द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित ठेके की चार प्रतियां जो विदेशी सम्भरकों द्वारा लिखित में पुष्टि आदेश के साथ हों, या उनकी हर प्रकार से पूर्ण फोटो प्रतियां संगत वैध आयात

लाइसेंस की दो फोटो प्रतियों सहित, जापान अनुभाग, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजनी चाहिए ।

4. (2) उपर्युक्त क्रियाविधि सभी ठेकों के लिए और ठेकों की विषयवस्तु के लिए अनिवार्य आशोधनों के कारण संशोधनों या उनकी कीमतों पर भी लागू होगी ।

4. (3) वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग), जापान अनुभाग, एफ ए सी टी की अमोनिया सल्फेट और केप्रोलेक्टम परियोजना के लिए येन क्रेडिट सं० आई डी पी—25 (परियोजना सहायता) के अन्तर्गत वित्त दान करने के लिए विदेशी आर्थिक सहकारिता निधि (ओ ई सी एफ) को संविदा दस्तावेजों की एक प्रति उनके अनुमोदन के लिए भेजने की व्यवस्था करेगा ।

खण्ड 5—विदेशी सम्भरकों को भुगतान—साख-पत्र क्रियाविधि

5. (1) ओ ई सी एफ से ठेका अनुमोदन की सूचना प्राप्त करने पर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग उसकी सूचना एफ ए सी टी और सी ए ए एण्ड ए को देगा । उसके बाद एफ ए सी टी अनुबन्ध 4 के रूप में संलग्न प्रपत्र में प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए बैंक आफ इण्डिया की टोकियो ब्राच को सम्बोधित आवेदन के साथ सम्बद्ध विदेशी सम्भरक के नाम में संलग्न अनुबन्ध-5 (आयातों के लिए) या अनुबन्ध-4 (सेवाओं के लिए) के रूप में अपरिवर्तनीय साखपत्र खोलने के लिए सहायता लेखा व लेखा परीक्षा नियंत्रक (जिसे इसके बाद सी ए ए एण्ड ए कहा गया है), आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली से संलग्न अनुबन्ध-3 में अनुरोध करेगा । प्राधिकार पत्र की प्रतियां ओ ई सी एफ, भारत का दूतावास, टोकियो, एफ ए सी टी, भारत में आयातक के बैंक और जापान अनुभाग, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय को भेजी जाएगी ।

5. (2) प्राधिकार पत्र मिलने पर, भारतीय बैंक, टोकियो अनुबन्ध-5 (वास्तविक आयातों के लिए लागू होता है) या 6 (सेवाओं के लिए लागू होता है) के अनुसार सम्बन्धित विदेशी सम्भरकों के नाम में अपरिवर्तनीय साख पत्र की स्थापना करेगा और उसकी एक प्रति विदेशी आर्थिक सहकारिता निधि (ओ ई सी एफ) भारतीय दूतावास, टोकियो, भारत में आयातक के बैंक और सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, को भी भेजेगा ।

सी ए ए एण्ड ए से प्राधिकारपत्र के आधार पर साख पत्र खोलने के लिए उपर्युक्त क्रियाविधि संविदा संशोधन या अन्यथा के लिए आवश्यक समझे जाने वाले ऐसे सभी प्राधिकार पत्र/साख पत्रों के संशोधनों पर स्वतः लागू होगी ।

5. (3) माल का पोतलदान करने के बाद विदेशी सम्भरक अपने बैंकरों के माध्यम से साख-पत्र में उल्लिखित दस्तावेज भुगतान के लिए बैंक आफ इण्डिया, टोकियो को प्रस्तुत करेगा । यदि दस्तावेज सही पाए गए तो बैंक आफ इण्डिया, टोकियो दस्तावेजों में उल्लिखित धनराशि को विदेशी सम्भरक को उसके बैंकरों के माध्यम से रिहा करेगा और उसके बाद आयातों की लागत की धनराशि की प्रतिपूर्ति विदेशी आर्थिक निधि से प्राप्त करेगा ।

5. (4) साख-पत्र के अन्तर्गत लेन-देन करने के लिए साख-पत्र खोलने के लिए बैंक आफ इण्डिया, टोकियो को देय बैंक खर्चे और विदेशी सम्भरकों के बैंकरों के यदि कोई खर्चे हों तो वे विदेशी सम्भरक/आयातक द्वारा वहन किए जाएंगे । बैंक आफ इण्डिया, टोकियो द्वारा विदेशी सम्भरकों को आयातों की लागत के भुगतान की तिथि से ओ ई सी एफ द्वारा अदायगी की तिथि तक की अवधि पर बैंक आफ इण्डिया को चुकाने योग्य ब्याज प्रभार, भारत में सम्बद्ध आयातक के बैंक द्वारा बैंक आफ इण्डिया, टोकियो को भारत सरकार के लेखे को प्रभावित किए बिना सामान्य बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से धन भेजकर निर्णीत किए जाएंगे ।

5. (5) अदायगी क्रियाविधि

भारतीय सम्भरकों से माल और सेवाओं की खरीद के लिए ऋण की रकमों की अदायगी अनुबन्ध 7 के रूप में इसके साथ संलग्न अदायगी क्रियाविधि के अनुसार निम्नलिखित अनुपूरक शर्तों के साथ की जाएगी :—

एक जापानी येन के लिए भारतीय रुपये की विनिमय दर बोली खोलने की प्रचलित दर होगी जैसा कि मार्गदर्शन के खण्ड 4.07 मे निर्दिष्ट किया गया है । अदायगी के लिए आवेदन के साथ-साथ ऋणी मान्यता-प्राप्त बैंक से यह प्रमाणित करते हुए एक प्रमाण-पत्र भी भेजेगा कि बोली खोलने के दिन येन-रुपये की विनिमय दर क्या थी ।

खण्ड 6—परामर्शदाताओं का नियोजन

परामर्शदाताओं का नियोजन निम्नलिखित अनुपूरक शर्तों के साथ "ओ ई सी एफ के ऋणियों द्वारा परामर्शदाताओं के नियोजन के लिए मार्गदर्शन" के अनुसार किया जाएगा जो ऋण समझौते के साथ संलग्न है :—

(1) परामर्शदात्री फर्म निम्नलिखित सभी शर्तें पूर्ण करेगी :—

(क) पूर्वक्रीत शेयरों में बहुसंख्य शेयर पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिकों द्वारा धारित हों;

(ख) पूर्णकालीन संचालकों में से बहुसंख्य संचालक पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिक हो;

(ग) ऐसी फर्म पात्र स्रोत देशों में निगमित और पंजीकृत हों ।

(2) आयातक ऋण समझौते के निर्णीत होने के तुरन्त बाद निधि द्वारा पुनरीक्षा के लिए निम्नलिखित प्रलेखों की प्रतियां प्रस्तुत करेगा :—

(1) विचारार्थ विषय;

(2) परामर्शदाताओं की संक्षिप्त सूची;

(3) आमंत्रण-पत्र,

(4) संक्षिप्त मूल्यांकन शीट सहित मूल्यांकन रिपोर्ट।

(3) परामर्शदाता द्वारा हस्ताक्षरित और दिनांकित उसकी पात्रता के सम्बन्ध में निम्नलिखित घोषणा-पत्र प्रत्येक ठेके के साथ संलग्न किया जाएगा :—

"मैं, अधोहस्ताक्षरी एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि.................(फर्म का नाम) ....(सम्बद्ध पात्र स्रोत देश का नाम) में निगमित और पंजीकृत है और यह पात्र परामर्शदात्री फर्म है। इसके ....प्रतिशत (......%) पूर्वक्रीत शेयर.................(सम्बद्ध पात्र स्रोत देशों के नाम) के राष्ट्रिकों द्वारा धारित है और पूर्णकालीन संचालकों में से.... ....प्रतिशत (..........%) संचालक.....................(सम्बद्ध पात्र स्रोत देशों के नाम) के राष्ट्रिक हैं।"

(4) ठेके के मूल्य का उल्लेख जापानी येन में किया जाएगा और मूल्य जापानी येन में ही देय होगा। ठेका भारत सरकार/ओ ई सी एफ के अनुमोदन की शर्त के अधीन होगा।

(5) आयातक द्वारा निधि की पुनरीक्षा/अनुमोदन के लिए उपर्युक्त दस्तावेज आर्थिक कार्य विभाग के माध्यम से निम्नलिखित बातें निर्दिष्ट करते हुए प्रस्तुत किए जाएंगे :—

(क) पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिकों द्वारा धारित पूर्वक्रीत शेयरों की प्रतिशतता।

(ख) उन पूर्णकालीन संचालकों की प्रतिशतता जो पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिक हैं।

खण्ड 7—रुपया निक्षेप करने के लिए उत्तरदायित्व

7. (1) बैंक आफ इण्डिया, टोकियो संगत प्राधिकार-पत्र के परिशिष्ट में संकेतित अनुसार आयातक के प्राधिकृत बैंकर को परक्राम्य जहाजरानी दस्तावेज भेजेगा और बैंकर इसके बदले में यह सुनिश्चय करेगा कि जहाजरानी दस्तावेज रिहा होने से पहले भारतीय रिज़र्व बैंक, नई दिल्ली या भारतीय स्टेट बैंक, तीस हजारी, दिल्ली में रुपया निक्षेप कर दिया गया है। येन भुगतान के समतुल्य रुपए पर ब्याज की दर प्रथम 30 दिनों के लिए 12% वार्षिक और उससे अधिक अवधि के लिए 18% वार्षिक होगी जो बैंक आफ इण्डिया, टोकियो द्वारा विदेशी सम्भरक को भुगतान की तिथि से वास्तविक रुपया जमा कराने की तिथि तक गिनी जाएगी और सार्वजनिक सूचना सं० 31—आई टी सी (पी एन)/83, दिनांक 10-8-83 के अनुसार मूल भुगतान के साथ जमा की जाएगी। यह नोट कर लिया जाना चाहिए कि दोनों दिनों अर्थात् जिस दिन विदेशी सम्भरक को भुगतान किया गया है और जिस दिन सरकारी लेखे में रुपया जमा किया गया है, का ब्याज लिया जाएगा। देखिए सार्वजनिक सूचना सं० 103—आई टी सी (पी एन)/74, दिनांक 12-10-74 द्वारा यथा संशोधित सार्वजनिक सूचना सं० 74—आई टी सी (पी एन)/74, दिनांक 31-5-1974।

विदेशी सम्भरक को किए गए येन भुगतान के समतुल्य रुपए की गणना करने के लिए अपनायी जाने वाली विनिमय की दर भुगतान की तारीख को लागू विनिमय की वह मिश्रित दर होगी जो सार्वजनिक सूचना सं० 109-आई टी सी (पी एन)/74, दिनांक 3-8-74 और सं० 8—आई टी सी (पी एन)/76, दिनांक 17-1-76 में निर्धारित तरीके के अनुसार निश्चित की गई हो जो मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की सार्वजनिक सूचनाओं के माध्यम से या भारतीय रिज़र्व बैंक के मुद्रा विनिमय के नियंत्रण परिपत्रों के माध्यम से सरकार द्वारा समय-समय पर घोषित की गई हो। इस सम्बन्ध में या ब्याज की दर में भी जब भी कोई परिवर्तन होगा उसकी सूचना आवश्यकतानुसार दे दी जाएगी। सम्बद्ध भारतीय बैंक का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह आयातकों को आयात दस्तावेज देने से पहले इस बात का सुनिश्चय कर ले कि देय धनराशि सरकार के लेखे में सही रूप से जमा कर दी गई है। आयातक को इस बात का भी सुनिश्चय कर लेना चाहिए कि अपने बैंकरों से दस्तावेज लेने से पहले देय धनराशि सरकारी लेखे में सही रूप से जमा कर दी गई है। इस बात का सुनिश्चय करना आयातक का उत्तर-दायित्व है कि देय धनराशि कस्टम प्राधिकारियों से अपवाद स्वरूप परिस्थितियों में माल की डिलीवरी प्राप्त करने पर भी सरकारी लेखे में तुरन्त सही रूप से जमाकर दी गई है। यदि आयातक माल की डिलीवरी लेने से पहले देय धनराशि सरकार के लेखे में जमा नहीं करा पाता है तो उसको आगे एल ए एम देना बन्द कर दिया जाए और मामले की सूचना मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को दी जाए जिससे कि ऐसे आयातक को आगे आयात लाइसेंस जारी न किया जा सके। जिस लेखा शीर्ष में उपर्युक्त रुपया निक्षेप किया जाएगा वह "के डिपोजिट्स एण्ड एडवांसिज—843 सिविल डिपोजिट्स—डिपोजिट्स फार परचेजिज एटसेट्रा एब्रोड परचेज अण्डर क्रेडिट्स/लोन एग्रीमेन्ट" "लोन फ्रोम दि गवर्नमेन्ट आफ जापान 10.2 बिलियन यन क्रेडिट सं० आई डी पी—25 फार अमोनिया सल्फेट एण्ड केप्रोलेक्टम प्लान्ट प्रोजेक्ट" होना चाहिए।

7. (2) ऊपर उल्लिखित धनराशि या तो भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली में या स्टेट बैंक आफ इण्डिया, तीस हजारी, दिल्ली में चालान के दाएं कोने पर कोड सं० 5130000009 निर्दिष्ट करते हुए सार्वजनिक सूचना सं० 184—आई टी सी (पी एन)/68, दिनांक 30-8-68, सं० 233—आई टी सी (पी एन)/68, दिनांक 24-10-68, सं० 132—आई टी सी (पी एन)/71, दिनांक 5-10-71, सं० 74—आई टी सी (पी एन)/74, दिनांक 31-5-74 और

सं० 103—आई टी सी (पी एन)/76, दिनांक 12-10-76 में यथा निर्धारित तरीके से सरकारी लेखे में नकद जमा करानी चाहिए ।

7. (3) भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग द्वारा ऐसी मांग किए जाने के बाद सात दिनों के भीतर सम्बद्ध भारतीय बैंक भी ऊपर निर्धारित तरीके से वह अतिरिक्त धनराशि सेवा खर्चों के निमित्त भेजेगा जो वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) द्वारा मांगी जाए । चालान के विभिन्न कालमों को भरते समय आयातकों/उनके बैंकरों को इस बात को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि सार्वजनिक सूचना स० 132—आई टी सी (पी एन)/71, दिनांक 5-10-71 के पैरा 2 में निर्धारित सूचना चालान के कालम "धन परेषण और प्राधिकारी (यदि कोई हो) के पूर्ण ब्यौरे" में निरपवाद रूप से निर्दिष्ट किए गए हैं । खजाना चालान में निम्नलिखित ब्यौरे निरपवाद रूप से प्रस्तुत करने चाहिए :—

(क) वित्त मंत्रालय के प्राधिकार-पत्र संख्या और दिनांक।

(ख) येन मुद्रा की वह धनराशि जिसके सम्बन्ध में अपनाई गई परिवर्तन की दर के साथ निक्षेप किए जाने हैं ।

(ग) विदेशी सम्भरक को भुगतान करने की तिथि ।

उसके पश्चात् सी ए ए एण्ड ए द्वारा जारी किए गए प्राधिकार-पत्र का सन्दर्भ देते हुए और बीजक तथा पोत परिवहन दस्तावेजों को संलग्न करते हुए खजाना चालान रुपया जमा करने का साक्ष्य देते हुए पंजीकृत डाक द्वारा सी ए ए एण्ड ए को भेजा जाना चाहिए ।

टिप्पणी :—भारत में आयातक के बैंक को यह सुनिश्चय करना चाहिए कि रुपए का निक्षेप भारतीय बैंक, टोकियो की अदायगी की सूचना और अपरिवर्तनीय पोत-लदान दस्तावेजों की प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर निरपवाद रूप से किया जाना चाहिए और यह कि इसके तत्काल बाद सी ए ए एण्ड ए वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग), नई दिल्ली को सूचित कर दिया जाएगा ।

7. (4) भारत में सम्बद्ध भारतीय बैंक को लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति पर रुपया निक्षेपी की धनराशि का पृष्ठांकन करना चाहिए और अपेक्षित "एस" प्रपत्र भारतीय रिजर्व बैंक, बम्बई को भेजना चाहिए ।

खण्ड 8—विविध व्यवस्थाएं

8. (1) आयात लाइसेंस के उपयोग करने की रिपोर्ट

आयातक का पोतलदान और उसके अधीन किए गए भुगतान और शेष धनराशि के बारे में साख-पत्र खोलने के बाद एक मासिक रिपोर्ट सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, यू सी ओ बैंक, बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली को भेजनी चाहिए ।

8. (2) सम्भरकों को विशेष शर्तों के बारे में अधिसूचित करना

लाइसेंसधारी के आयात लाइसेंस में दिए गए किसी उन विशेष उपबन्धों से सम्भरक को अवगत करा देना चाहिए जो माल के लाने में सम्भरक पर प्रभाव डालती हैं ।

8. (3) विवाद

यह समझ लेना चाहिए कि लाइसेंस और सम्भरकों के बीच कोई विवाद उठेगा तो उसके लिए भारत सरकार कोई उत्तरदायित्व नहीं लेगी । भारतीय बैंक, टोकियो द्वारा किए गए भुगतान से पहले सम्भरक द्वारा पूरी की जाने वाली शर्तें अनुबन्ध 3 में "भुगतान की शर्तें" के अन्तर्गत अच्छी तरह से स्पष्ट कर लेनी चाहिएं । संविदा की शर्तों में विवाद के निपटान से सम्बद्ध व्यवस्थाएं शामिल होनी चाहिएं।

8. (4) भविष्य अनुदेश

आयात लाइसेंस या उसके सम्बन्ध में उठ खड़े होने वाले किसी मामले या सभी मामलों से सम्बन्धित या जापानी प्राधिकारियों के साथ येन क्रेडिट समझौते (परियोजना सहायता) सं० आई डी पी—25 के अधीन सभी आभारों को विदेशी आर्थिक सहयोग निधि जापान (ओ ई सी एफ) के साथ पूर्ण करने के लिए भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निदेशों, अनुदेशों या आदेशों का लाइसेंसधारी को तुरन्त पालन करना होगा ।

8. (5) अतिक्रमण या उल्लंघन

उपर्युक्त खण्डों में निर्धारित की गई शर्तों के अतिक्रमण या उल्लंघन करने पर आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम के अधीन उचित कार्रवाई की जाएगी ।

8. (6) अनुबन्धों की सूची

अनुबन्ध 1	पात्र स्रोत देशों की सूची
अनुबन्ध 2	अधिप्राप्ति के लिए मुख्य मार्गदर्शन
अनुबन्ध 3	प्राधिकार-पत्र जारी करने के लिए अनुरोध
अनुबन्ध 4	प्राधिकार-पत्र का प्रपत्र
अनुबन्ध 5	साख-पत्र का प्रपत्र (आयातों के लिए लागू)
अनुबन्ध 6	साख-पत्र का प्रपत्र (सेवाओं के लिए लागू)
अनुबन्ध 7	अदायगी क्रियाविधि (भारतीय सम्भरकों के लिए प्रयोज्य)

अनुबन्ध 1

पात्र स्रोत देशों की सूची

(क) विकासशील देश तथा उनके क्षेत्र

(क-1) विदेशी आर्थिक सहयोग से भिन्न विकासशील देश

1. अफ्रीका उत्तरी सहारा
   मिस्र
   मोरोक्को
   ट्यूनीशिया

2. अफ्रीका, दक्षिणी सहारा
अंगोला
केमेरुन
चाद
मध्य गिनी (1)
घाना
कीनिया
मालागासी गणतन्त्र
मारितेनिया, मारीशस
पुर्तगाल गिनी
रुवाण्डा
सेनेगल
सोमालिया
टेरी आफर्स और इस्सास
तंजानिया गणतन्त्र संघ
जाम्बिया
बोत्सवाना
केप वर्डी द्वीप समूह
कमोरो द्वीप समूह
इथोपिया
गिनी
लेसोथो
मालावी
मुजम्बिक
रियूनियम
सेंट हेलिना और केप (2)
सेचिलिज
सूडान
टोगो
अपर वोल्टा
बुरुण्डी
केन्द्रीय अफ्रीका गणतन्त्र
कांगो, दाहोमे का गणतन्त्र
जाम्बिया
आइवेरी कोस्ट
लाइबीरिया
माली
नाइजर
रोडेशिया
साओ टोम और प्रिन्सइप
सियरा लिओन
स्वाजीलैंड
युगांडा
जाइरे गणतन्त्र

3. अमेरिका, उत्तरी और केन्द्रीय
बेहमस
बरमूडा
डोमिनिकन गणतन्त्र
ग्वाटेमाला
जमैका
नीदरलेंड, अन्टिलीज
सेन्ट पियरी और निकेलान
बारबाडोज
कोस्टारिका
एल सालवाडोर
हेती
मार्टिनिक
निकारगुआ
ट्रिनीडाड और टोबागो
बेलाइज
क्यूबा
गुवाडे लोप
होन्डूरस
मैक्सिको
पनामा

---

(1) पहले स्पेनी गिनी का प्रदेश, फरोन्डा पो द्वीप सहित

(2) निम्नलिखित द्वीपों सहित :—
असेन्शन, ट्रिस्तन्डा इन एसौसिवल्स, नाइटिंगेल, गफ

(3) मुख्य द्वीप समूह, अरुबा, बोनाइरे, क्यूराकाओ, साहा, सेन्ट यूस्टासिट, सैंन्ट मारटिन (दक्षिण भाग)।

वेस्ट इण्डीज (शारा)—एन आई ई
(क) सह-सम्बद्ध राज्य (1)
(ख) आश्रित (2)

4. दक्षिणी अमेरिका
अर्जेन्टीना
चिली
फ्रांसिसी गुयाना
पीरू
बोलिविया
कोलम्बिया
गुयाना
सूरिनाम
ब्राजील
फाल्क लैंड द्वीप समूह
पराग्वे
उरुग्वे

5. मध्य-पूर्वी एशिया
बेहरीन
लेबनान
यूनाइटिड अरब अमिरात (3)
इजराइल
ओमन
यमन अरब गणतन्त्र

जोर्डन
सिरिआई अरब गणतन्त्र
यमन जनवादी का डी०आर० (4)

6. दक्षिण एशिया
अफगानिस्तान
बर्मा
नेपाल
बांगला देश
भारत
पाकिस्तान
भूटान
माल द्वीप
श्रीलंका

7. सुदूर पूर्वी एशिया
बरुनी
कोरिया गणतन्त्र
मलेयेशिया
ताँइवान
वियतनाम गणतन्त्र
हांगकांग
लाओस
फिलिपाइन
थाईलैंड
वियतनाम जनवादी गणतन्त्र
खमैर गणतन्त्र
मकाओ
सिंगापुर
तिमोर

8. ओसिनिया
कोक द्वीप समूह
फ्रांसिसी पोलिनेशिया (5)
न्यू हेब्रिसिस (ब्रि० और फ०)
पापुवा न्यू गिनी
वालिस और फुतुना
फिजी
नारू
नियू
सोलोमन द्वीप समूह (ब्रा०)
पश्चिमी सामोआ
गिल्बर्ट और इलाइस द्वीप
न्यूकलेण्डोनिया
पौलिपिक द्वीप समूह (संयुक्त राज्य) (6)
टोंगा

9. यूरोप
साइप्रस
माल्टा
यूगोस्लाविया
जिब्राल्टर
स्पेन
ग्रीक
तुर्की

---

(1) मुख्य द्वीप एन्टिगुवा, डोमिनिका, ग्रेनेडा, सेन्ट किट्स (सेन्ट क्रिस्टोफो) बेविस-अंगुइला, सेन्ट लुसिया और सेन्ट किसेन्ट ।

(2) मेन आईलैंड, मोन्तेसरत, सेमान, तुर्की और काइ-कोस और ब्रिटिश वरजिन द्वीप समूह

(3) अजमन, दुबई, फुजाइरह्, रास अल सेमाह्, शरजाह् और अल क्वेवेन ।

(4) अदन और विभिन्न सलतनत और अमीरात सहित ।

(5) सोसायटी आईलैंड्स समूह (ताहिती सहित) को शामिल करते हुए आस्ट्रल द्वीप समूह, टुआमोट, जाम्बियर ग्रुप और मार्केसस द्वीप समूह

(6) पैसिफिक द्वीप समूह का ट्रस्ट प्रदेश, कारोलीन द्वीप समूह, मार्शल द्वीप समूह और मेरिना द्वीप समूह (गाम को छोड़कर) ।

(क) 2—ओ०पी०ई०सी० के सदस्य या सहयोगी देश
अल्जीरिया
गेबोन
वेंजुइला
कुवैत
आबू-धाबी
बोलिविया
नाइजीरिया
ईरान
कतर
इण्डोनेशिया
लीबियाई अरब गणतन्त्र
इक्वेडोर
ईराक
सऊदी अरब

अनुबन्ध 2

ऋण के अन्तर्गत अधिप्राप्ति के लिए मार्गनिर्देशन

विषय सूची

अनुच्छेद सं०	शीर्षक	पृष्ठ
अनुच्छेद 1	सामान्य	
भाग 1.01	प्रस्तावना	
भाग 1.02	औपचारिक से अन्य क्रियाविधि—खुली अन्तर्राष्ट्रीय संविदाएं	
भाग 1.03	संविदाओं की किस्म और आकार	

के जारी करने की तारीख को प्रचलित सीमा-शुल्क विनिमय दर में 1 प्रतिशत जोडकर ही निकाला जाना चाहिए ।

2. वह स्टाम्प पेपर, जिसमें यह गारंटी कार्यान्वित होने वाली है, उसे स्टाम्प अधिनियम, 1899 के अनुसार कलक्टर द्वारा निर्मित किया जाना है ।

अनुबंध-4

(दो प्रतियों में)

(पैरा 5.i)

अनुदेश जारी करने के लिए प्रार्थना-पत्र

(दो प्रतियों में भेजा जाना है)

सं. .... दिनांक ....

सेवा में,

सचिव, वित्त मंत्रालय,
आर्थिक कार्य विभाग, ई. ई. सी. प्रभाग,
नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली-1

(ध्यानः)

विषयः-- फ्रांस ऋण के अन्तर्गत आयात ।

महोदय,

ऊपर उल्लिखित क्रेडिट के अन्तर्गत फ्रांस से ....का आयात करने के संबध (माल तथा सेवाओं का संक्षिप्त विवरण)

मे हम निम्नलिखित ब्यौरा देते हैं और एतद्द्वारा ....की धनराशि (लागत तथा भाडा/लागत-बीमा-भाडा) के लिए अनुदेश पत्र जारी करने के लिए आवेदन करते हैः--

आयातक का नाम और पता

(ख) आयात लाइसेंस—
(1) संख्या
(2) दिनांक
(3) धनराशि
(4) वैधता अवधि

(ग) फ्रेंच संभरक का नाम और पता

(घ) संविदा की तिथि/संशोधन

अथवा

संभरकों द्वारा आदेश की फाइनल स्वीकृति की तिथि ।

(ग) गैर-फ्रांसीसी मूल के माल की प्रतिशतता, यदि कोई हो ।

(च) संविदा का मूल्य : पोत पर्यन्त निःशुल्क कीमत घट भारतीय एजेंट का कमीशन यदि कोई हो ।

कुल जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्यः
भाडा*
बीमा*
कुल :

*भाडा एवं बीमा कीमतें तभी दिखाई जाएं जब कि वे फ्रांस ऋण के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के लिए पात्र हों (लाइसेंस शर्तों का पैरा 4. 4. 3 देखें)

(छ) (1) पोतलदान की तिथियों या वे तिथियां जिनको सेवा कार्य पूर्ण किए जाएंगे ।

(2) संविदा में यथा निर्धारित, प्रत्येक पोतलदान या पूर्ण किए गए सेवा कार्य का मूल्य

(ज) उस फ्रांसीसी आवासीय बैंक का नाम जिसके माध्यम से संभरक को भुगतान किया जाना है। (अनुबंध-1 में सूचीबद्ध 15 फ्रांसीसी बैंकों में से एक बैंक।)

(1) वह तिथियां जिनको संविदा के अधीन भुगतान देय होंगे...............................

(1) अग्रिम भुगतान के संबंध में (जहाज पर निःशुल्क मूल्य का कम से कम 5 पौंड)

(2) अन्य भुगतान

2. संविदा/संशोधन की दस प्रतियां और आयात लाइसेंस की दो प्रतियां संलग्न हैं ।

**3. एक बैंक गारंटी जो ....केवल निजी क्षेत्र में आयातकों के लिए ....लागू हैं । (विदेशी मुद्रा देने के लिए प्राधिकृत भारतीय निर्धारित बैंक का नाम और पूरा डाक पता) द्वारा स्थापित की गई और जो स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 31 के अनुसार स्टाम्प कलक्टर द्वारा न्याय निर्णित की गई हैं वह भी संग्लन है।

आयात दस्तावेज इस बैंक को भेजें जाएं।

इस बैंक द्वारा प्रस्तुत गारंटी का मूल्य . . . .
. . . . है, दिनांक . . . .
है, और . . . . तक वैध है ।

†3 आयात दस्तावेज . . . . को भेजें । (स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा या इसके सहायक बैंक या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा का पूरा नाम और डाक पता) ।

available to Indian importers in accordance with the Import Policy. Under the French Credits, payments to suppliers including the down payments, are made directly from the credit funds and corresponding Rupee funds have to be deposited by the importers into the account of the Government of India.

2. In the light of the eligibility criteria and procedural requirements in the agreements for French credits, these Licensing conditions are prescribed by the Government of India for guidance of and compliance by the importers.

These Licensing Conditions will come into force immediately and will remain in force until further orders.

I. Allocations from French Credits

I. 1 Allocations|releases of foreign exchange against French credit funds are made by the Department of Economic Affairs (EEC Division), hereinafter referred to as "DEA", on references made to it for the purpose or at the time of approvals of import proposals by the Capital Goods|Empowered Committees.

I.2. Unless otherwise agreed by DEA in deserving cases, the allocations|releases will have to be effectively used by importers, by obtaining import licence, within a period of four months. In the absence of a receipt by DEA within this period of either—(i) a request for extension of the time limit with reasons therfor, or (ii) a copy of import licence (in duplicate) obtained, or (iii) in the case of OGL items, an intimation that the order has been placed on the French supplier, the allocation|release will be cancelled by DEA.

II. Import Licence

II.1 Import licence will be issued by the Office of the Chief Cntroller of Imports and Exports (CCI&E) in accordance with the Import Policy. The Import Licence will :—

(a) provide a validity period of four months for contracting, which may be extended for a period of upto further four months on request, with valid reasons therefor. Any request for extension beyond 8 months from the date of issue will have to be referred to DEA and will be considered by it only in special deserving cases.

(b) show the Rupee value, on c.i.f. basis, calculated at the customs rate of exchange prevailing on the date of issue of Licence, which rate will be specified in the licence.

(c) will provide validity period for completion of shipments of 24 months in the case of capital goods and 12 months in other cases.

(d) will bear a supercription "French Credit".

(e) will include in its value the commission payable to the Indian agent; if any.

II. 2 Immediately on the issue of the import licence, the importer should send to DEA two photocopies of the licence, and advise the expected date of the contract with the French Supplier.

III. Contract with French Supplier

III. 1 The importer should ensure that the contract is concluded with the French supplier expeditiously, within the validity period indicated in II. 1(a) above.

III. 2 Unless otherwise agreed by DEA in advance, only one contract will be concluded against each import licence. Also, the contract value snould be equal to the value of the French credit allocated or released by DEA. Part financing of the f.o.b. value from other sources should be avoided in particular.

III. 3 Each contract should invariably be a complete, self contained document, signed in token of award and acceptance by the importer and the French supplier. A contract in the form of a series of correspondence between the parties, or a contract signed and accepted by an Indian agent on behalf of French supplier will not be accepted.

III. 4 Any amendment or modification of a contract should also be signed by the importer and the French supplier, and should be promptly advised by the importer to DEA, in ten copies as in the case of the original contract. Necessary amendment of the import licence, if any, should also be ensured by the importer.

IV. Terms and Conditions of Contract.

Special care should be taken by the importer to ensure strict compliance with the following terms and conditions :

1. Currency : As the French Credits are in French Franc, the contract should be denominated and should provide for payments to French supplier in French currency. Any departure from this provision must be got approved from DEA in advance of the conclusion of the contract.

2. Price : The contract should indicate firm price on f.o.b., c. & f. or c.i.f basis; price-escalation is not covered under French credits and should therfore be avoided. The contract should normally be on c.i.f. basis, unless marine insurance is contracted with Indian insurance company. In any case, the contract must indicate separately and distinctly the f.o.b. price, freight charges and insurance cost, as well as Indian agents commission if any; such commission will be payable by the importer to the agent only in Indian Rupees and the contract should clearly indicate this.

3. Minimum Value : Following minimum value limits (F.O.B.) are prescribed under French credits for contracts with French suppliers :

	minimum value (fob)
(a) contracts for heavy equipment or for industrial projects.	FF 5,000,000
(b) contracts for light equipment projects	FF 1,000,000
(c) contracts for other imports	FF 80,000

आयातक द्वारा कोई इंजीनियर नियुक्त किया गया है तो उसके अधिकार और प्राधिकार स्पष्ट रूप से परिघोषित होने चाहिए । संविदा की परम्परागत सामान्य शर्तें जिनमें से कुछ का उल्लेख इन निर्देशन बिन्दुओं में किया गया है के अतिरिक्त परियोजना के स्वरूप और स्थिति के लिए उपर्युक्त विशेष शर्तों को भी शामिल करना चाहिए ।

खण्ड 3.04 विशिष्टिकरणों की स्पष्टता

पूरे किए जाने वाले कार्य, सप्लाई किए जाने वाले माल और सेवाएं और सुपुर्दगी या स्थापित करने के स्थान के विषय में विशिष्टिताएं जहां तक सम्भव हो स्पष्ट और संक्षेप में होनी चाहिए । ड्राइंग विशिष्टिकरणों के मूल के साथ अनुकूल होनी चाहिए; जहां पर ऐसा नहीं है तो मूल ही लागू होगा । विशिष्टिकरणों से मुख्य तथ्यों अथवा आधारों को अभिज्ञात करना चाहिए । जिनको बोलियों के मूल्यांकन और उनकी तुलना करते समय ध्यान में रखा जाएगा । किसी भी प्रकार की अतिरिक्त सूचना, स्पष्टीकरण, त्रुटियों की शुद्धि अथवा विशिष्टिकरणों में विकल्पों को उन सभी को शीघ्र ही प्रेषित किए जाएंगे जिन्होंने मूल बोली दस्तावेजों के लिए आवेदन किए थे । बोली के लिए आमंत्रण में प्रपत्र स्रोत देशों और गैर-पात्र स्रोत देशों से अनुमेय आयातों के लिए किसी भी प्रकार के प्रावधानों का संकेत होना चाहिए ।

जहां पर निधि औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा से भिन्न प्रक्रिया के लिए सहमत है तो वहां पर विशिष्टिकरणों की भाषा इस प्रकार की होनी चाहिए जिससे अन्तर्राष्ट्रीय बोली को अधिक से अधिक अनुमति एवं प्रोत्साहन मिल सकें ।

खण्ड 3.05 मानक

यदि उन राष्ट्रीय मानकों का उल्लेख किया जाता है जिनके उपकरण अथवा माल अनुकूल हैं तो विशिष्टिकरणों में यह बताया जाना चाहिए कि जापान औद्योगिक मानक अथवा अन्य अन्तर्राष्ट्रीय स्वीकृत मानकों जो समान अथवा उच्च कोटि को सुनिश्चित करते हैं, तो उल्लिखित मानकों को भी स्वीकार किया जाएगा ।

खण्ड 3.06 ब्रांड (छाप) के नामों का प्रयोग

यदि विशेष प्रकार के फालतू पुर्जों की आवश्यकता है या यह निश्चय किया गया है कि कुछ खास आवश्यक विशेषताओं को बनाए रखने के लिए मानकीकरण की एक डिग्री की आवश्यकता है तो विशिष्टिकरण निष्पादन क्षमता पर आधारित होने चाहिए और उन्हें एक केवल ब्राण्ड नाम, सूची सख्या और विशेष विनिर्माता के उत्पादों को निर्धारित करना चाहिए । बाद वाले मामले में विशिष्टिकरण को उन विकल्पित माल के प्रस्तावों की अनुमति देनी चाहिए जिनकी विशेषताएं समान है और कम से कम इन विशिष्टियों के लिए समानता पर निष्पादन एवं कोटि की व्यवस्था करते है ।

खण्ड 3.07. संविदाओं के अधीन व्यय

चूंकि निधि के ऋण का उपयोग पात्र स्रोत देशों के क्षेत्रों में उत्पादित माल के लिए वित्त पोषित व्ययों तक ही सीमित है इसलिए गैर-पात्र स्रोत देशों से अनुमित आयातों और पात्र स्रोत देशों से सप्लाई की गई सेवाएं, बोली दस्तावेजों में संविदाकार अथवा तदनुसार संविदा के अधीन उनके सीमित व्यय के लिए सम्भरक अथवा गैर-पात्र स्रोत देशों में उनके विवरणों या बीजकों में व्ययों को अभिज्ञात करने के लिए अपेक्षित किया जाना चाहिए ।

निधि को सांख्यिकी प्रयोजनार्थ उसके द्वारा वित्तपोषित और उनके मुख्य घटकों के माल एवं सेवाओं के मूल भौगोलिकता से सम्बन्धित सूचना की आवश्यकता होती है । बोली दस्तावेजों में संविदाकार अथवा सम्भरक को आवश्यक सूचना भेजनी चाहिए ।

खण्ड 3.08 बोलियों का मूल्य

चूंकि निधि का ऋण जापान येन में है, तो बोली का मूल्य जापान येन में दिखाया जाना चाहिए बशर्ते कि बहरहाल, बोली मूल्य का वह भाग जिसको बोलीदार ऋणी देश में व्यय करना चाहता है तो ऐसे भाग को ऋणी देश की मुद्रा में दिखाया जाना चाहिए ।

खण्ड 3.09 संविदा मूल्य

संविदा मूल्य को जापानी येन में दिखाया जाना चाहिए । बहरहाल बशर्ते कि संविदा मूल्य का वह भाग जो ठेकेदार ऋणी के देश में व्यय करेगा उसे ऋणी की मुद्रा में दिखाया जाना चाहिए ।

खण्ड 3.10 मूल्य समंजन कंडिकाएं

बोली के दस्तावेजों में यह स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए कि क्या फर्म मूल्यों की आवश्यकता है अथवा बोली मूल्यों की वृद्धि स्वीकार्य है ।

उपयुक्त मामलों मे ठेके के वृहद लागत घटकों के मूल्यों में परिवर्तन होने की स्थिति में जैसे कि मजदूरी एवं महत्वपूर्ण सामग्रियां, संविदा मूल्यों में समंजन के लिए (ऊपर की ओर अथवा नीचे की ओर) व्यवस्था की जानी चाहिए ।

मूल्यों के समंजन के लिए विशिष्ट सूत्रों को बोली के दस्तावेजों में स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए क्योंकि वही प्रावधान सभी बोलियों में लागू होगा ।

माल की सप्लाई के लिए ठेकों में मूल्य समंजन की सीमा को सम्मिलित किया जाना चाहिए परन्तु सिविल निर्माण कार्यों के लिए ठेकों में ऐसी सीमाएं सम्मिलित करना सामान्य नहीं है ।

एक वर्ष के अन्दर डिलिवर किए जाने वाले माल के लिए सामान्यतः किसी मूल्य समंजन की व्यवस्था नहीं की जानी चाहिए ।

गाइड लाइनें उन विभिन्न तरीकों को अभिज्ञात करने के लिए आभास नहीं कराती हैं जिनके द्वारा ठेके के मूल्य समंजित किए जा सकें ।

खण्ड 3.11 अग्रिम भुगतान

व्ययों का संग्रहन करने हेतु संविदा को प्रभावोत्पादन बनाने के लिए अग्रिम में किए जाने वाले कुल भुगतान की प्रतिशतता युक्तिसंगत होनी चाहिए । दिए जाने वाले अन्य अग्रिमों उदाहरणार्थ निर्माण कार्यों में समाहित करने के लिए स्थल तक सामग्रियों को की गई डिलिवरी के बारे में बोली के दस्तावेजों में स्पष्टत: उल्लेख किया जाना चाहिए ।

खण्ड 3.12 गारन्टी निष्पादन बांड और रोकी रखी गई धनराशि

नागरिक कार्य के लिए बोली दस्तावेज में गारन्टी के लिए कुछ ज़मानत के रूप में होना चाहिए जिससे कि जब तक यह पूरा न हो जाए तब तक काम जारी रहेगा । यह ज़मानत या तो बैंक गारन्टी द्वारा/निष्पादन बांड द्वारा दी जा सकती है, इसकी धनराशि कार्य की किस्म और परिमाण के अनुसार भिन्न-भिन्न होगी, लेकिन ठेकेदार में कमी पाए जाने के मामले में ऋणी को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए ।

उचित ज़मानती अवधि को पूरा करने के लिए संविदा के पूर्ण होने के बाद भी इसमें पर्याप्त रूप से समय में वृद्धि की जानी चाहिए । गारन्टी या अपेक्षित बांड की धनराशि की बोली को दस्तावेजों में निरूपित किया जाना चाहिए ।

